# सलेमा पंचायत में बूंदी-नमकीन के फर्जी बिलों का खुलासा

## 50 किलो चावल से खुला भ्रष्टाचार का खेल, सरपंच-सचिव की मिलीभगत से सरकारी राशि में सेंध, जांच के घेरे में पूरी पंचायत

**जिले की ग्राम पंचायत सलेमा में सामने आए कथित भ्रष्टाचार के मामले ने अब तूल पकड़ लिया है। पंचायत में फर्जी बिलों के जरिए सरकारी राशि के दुरुपयोग के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। ग्रामीणों की शिकायत के बाद मामला जांच के दायरे में आ चुका है और जनपद पंचायत धनौरा ने इसकी जांच शुरू कर दी है। खाद्य सामग्री से लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना तक में अनियमितताओं के आरोपों ने पंचायत व्यवस्था की पारदर्शिता पर बड़ा सवाल खड़ा कर दिया है। अब पूरे मामले में जिम्मेदारों पर कार्रवाई को लेकर ग्रामीणों की निगाहें प्रशासन पर टिक गई हैं।**




**सिवनी नवभारत।** ग्राम पंचायत सलेमा में सामने आए भ्रष्टाचार के आरोपों ने पंचायत की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीणों द्वारा की गई शिकायत में आरोप लगाया गया है कि सरपंच करन सल्लाम, सचिव हरिराम चंद्रवंशी एवं पूर्व रोजगार सहायक ध्रुव इनबाती की मिलीभगत से योजनाबद्ध तरीके से सरकारी राशि का दुरुपयोग किया गया। शिकायत के अनुसार पंचायत में 50 किलो चावल, 14,950 रुपए की बूंदी, 12,600 रुपए की अतिरिक्त बूंदी-नमकीन सहित अन्य खाद्य सामग्री के नाम पर फर्जी बिल लगाकर भुगतान किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि वास्तविकता में न तो सामग्री खरीदी गई और न ही उसका वितरण हुआ, लेकिन कागजों में पूरा खर्च दर्शाकर सरकारी राशि निकाल ली गई। इससे पूरे मामले में वित्तीय अनियमितता और फर्जीवाड़े की आशंका गहरा गई है।

### विश्वकर्मा ट्रेडर्स के नाम पर लाखों के भुगतान का आरोप

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि विश्वकर्मा ट्रेडर्स के नाम का उपयोग कर योजनाबद्ध तरीके से फर्जी बिल तैयार किए गए और भुगतान दिखाया गया। इसके अलावा स्टेशनरी एवं अन्य सामग्री के नाम पर भी राशि आहरित की गई, जबकि कई मामलों में जमीनी स्तर पर किसी प्रकार की सामग्री या कार्य का प्रमाण नहीं मिला। इससे पंचायत स्तर पर संगठित तरीके से आर्थिक गड़बड़ी किए जाने की आशंका जताई जा रही है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना में भी गड़बड़ी के आरोप

मामला केवल खाद्य सामग्री तक सीमित नहीं है। शिकायत में प्रधानमंत्री आवास योजना में भी गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि कई हितग्राहियों के नाम पर आवास की राशि जारी कर दी गई, जबकि मौके पर मकान बने ही नहीं हैं और कई स्थानों पर निर्माण कार्य शुरू तक नहीं हुआ। आरोप है कि कागजों में निर्माण दर्शाकर राशि आहरित कर ली गई, जिससे पात्र हितग्राही योजना के लाभ से वंचित रह गए।

### ग्रामीणों में आक्रोश, कार्रवाई की मांग तेज

ग्रामीणों ने अपने आरोपों के समर्थन में दस्तावेजी साक्ष्य भी प्रशासन को सौंपे हैं, जिससे प्रथम दृष्टया अनियमितताओं की पुष्टि होती नजर आ रही है। पूरे मामले को लेकर क्षेत्र में आक्रोश बढ़ता जा रहा है और ग्रामीण दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि प्रशासन इस मामले में कितनी तेजी और निष्पक्षता के साथ कार्रवाई करता है या फिर मामला केवल जांच और फाइलों तक सीमित रह जाता है।

### जनपद पंचायत धनौरा कर रही मामले की जांच

मामले की गंभीरता को देखते हुए जनपद पंचायत धनौरा द्वारा जांच प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ओंकार सिंह ठाकुर ने पूर्व में जांच दल गठित कर संबंधितों से तीन दिन के भीतर स्पष्टीकरण मांगा था, लेकिन निर्धारित समय सीमा में संतोषजनक जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया। अब जनपद स्तर पर चल रही जांच से पूरे मामले की परतें खुलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# बड़े पुल पर मधुमक्खियों का आये दिन हो रहा जानलेवा हमला



**छपारा नवभारत।** नगर के बैंनगंगा नदी के मोक्षधाम हिस्से पर बड़े पुल के नीचे स्थित मधुमक्खियों का बड़े - बड़े कई छत्ते हैं आय दिन उक्त स्थान पर राहगीरों को आवागमन के दौरान उन पर मधुमक्खियों द्वारा हमला किया जा रहा है जिससे एक ओर जहां राहगीरों की जान पर बन रही है तो वहीं दूसरी ओर अनियंत्रित होकर सड़क दुघर्टना का खतरा बढ़ गया है।

ज्ञात हो कि उक्त स्थान पर वहां अंत्येष्टि में पहुंचे लोगों को भी मधुमक्खियों का हमला झेलना पड़ता है और लोगों को वहां से किसी प्रकार अपने को बचाकर यहां वहां भागने की नौबत तक पड़ जाती है दरअसल उक्त क्षेत्र में जब भी आग का धूंआ मधुमक्खियों के छत्ते तक पहुंच जाता है वह बड़े पैमाने पर उड़कर अपना हमला करना शुरू कर देती है इसके साथ -साथ अनेकों व्यक्ति उक्त मधुमक्खियों के हमले का शिकार भी हो चुके हैं जिसे लेकर नगरवासियों ने नगर परिषद छपारा द्वारा उक्त स्थान से जल्द से जल्द मधुमक्खियों को हटाए जाने की मांग की गई है।

# मवेशी से टकराई बाइक : बच्चे सहित 4 घायल, दो जबलपुर रेफर



**सिवनी नवभारत।** सिवनी जिले के घंसौर थाना क्षेत्र अंतर्गत केवलारी ग्राम के समीप मंगलवार देर रात एक सड़क हादसा हो गया, जिसमें बाइक सवार बच्चे सहित 4 लोग घायल हो गए। यह दुर्घटना उस समय हुई जब बाइक में 3 लोग और एक बच्चा एक शादी समारोह से वापस अपने घर लौट रहे थे।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, देर रात केवलारी के पास अचानक एक मवेशी सड़क पर आ गया, जिससे बाइक चालक संतुलन खो बैठा और वाहन सीधे मवेशी से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक पर सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और मानवता का परिचय देते हुए तत्काल घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घंसौर पहुंचाया। वहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दो घायलों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें बेहतर इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज जबलपुर रेफर कर दिया।

घायलों की पहचान शिव लाल कुलस्ते (55 वर्ष), अच्छे लाल कुलस्ते (40 वर्ष) और बेनी प्रसाद कुलस्ते (42 वर्ष) व एक बच्चे के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि चारो एक ही परिवार या परिचित हैं और शादी समारोह में शामिल होकर लौट रहे थे।

इस हादसे ने एक बार फिर रात के समय सड़कों पर मवेशियों की मौजूदगी को लेकर सवाल खड़े कर दिए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में अक्सर सड़क पर घूमते मवेशी दुर्घटनाओं का कारण बनते हैं, जिससे जान-माल का नुकसान होता है।

### नहीं सुधर रही व्यवस्था

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि इस समस्या के समाधान के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके। फिलहाल पुलिस मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है।घायल खेती किसानी का काम करते हैं। घटना के बाद परिजनों में चिंता का माहौल है और सभी घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना की जा रही है।

# शादी में आए व्यक्ति का अपहरण कर लूटपाट, दो गिरफ्तार

**छपारा नवभारत।** नगर के चमरिया नाला क्षेत्र में मंगलवार रात को एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है। शादी समारोह में शामिल होने आए एक व्यक्ति को बाइक सवार बदमाशों ने डरा-धमकाकर अगवा किया और सुनसान जगह ले जाकर मारपीट करते हुए सोने-चांदी के जेवरात व मोबाइल लूट लिए। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन में से दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि एक अन्य की तलाश जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम पस्ताना मुंगवानी (जिला नरसिंहपुर) निवासी पीड़ित व्यक्ति छपारा के कुम्हारी वार्ड में अपने रिश्तेदार मनोज बरदिया के यहाँ एक विवाह समारोह में शामिल होने आया था। 5 मई की रात लगभग 11:30 बजे खाना खाने के बाद वह टहलने के लिए बस स्टैंड की ओर निकला था।

जैसे ही वह चर्च के पास चमरिया नाला पुल पहुँचा, तभी बस स्टैंड की तरफ से एक बाइक (एमपी 20 एमजे 7168) पर सवार दो युवक आए। उन्होंने रास्ता रोककर पीड़ित से नाम-पता पूछा और खुद को छपारा का गुंडा बताते हुए जान से मारने की धमकी दी। आरोपी उसे जबरन अपनी बाइक पर बैठाकर करीब दो किलोमीटर दूर एक सुनसान खंडहर के पास ले गए, जहाँ उनका एक तीसरा साथी पहले से मौजूद था।

### मारपीट कर की लूटपाट

तीनों बदमाशों ने मिलकर पीड़ित के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की और डरा-धमकार उसके पास मौजूद निम्नलिखित सामान लूट लिया। गले में पहनी हुई लगभग 1 तोला सोने की चैन, दाहिने हाथ में पहनी चांदी की अंगूठी, रियलमी कंपनी का मोबाइल फोन भी लूट लिया। पीड़ित ने किसी तरह अपनी जान बचाकर वहाँ से भागने में सफलता पाई और घर पहुँचकर परिजनों को सूचना दी।

घटना के अगले दिन 6 मई को छपारा पुलिस थाना में शिकायत दर्ज कराई गई। जाँच अधिकारी मंगल दास गोनेकर के नेतृत्व में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों की पहचान पारस नागेश और शेख आरिफ के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार, तीसरा आरोपी ललित डेहरिया फिलहाल फरार है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों को 7 मई को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उन्हें जेल भेज दिया गया है। पुलिस फरार आरोपी की सरगर्मी से तलाश कर रही है। इस घटना के बाद से नगर में कानून व्यवस्था को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है।

### एक नजर में

#### सिद्धु हास्पिटल की वर्षगांठ पर रोग निदान शिविर आज

सिवनी। सिंधु हॉस्पिटल अपनी दूसरी वर्षगांठ पर 8 मई को निःशुल्क रोग निदान शिविर आयोजित करेगा। शिविर में नागपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा मरीजों की जांच और उपचार किया जाएगा। सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक चलने वाले शिविर में बड़ी संख्या में मरीजों के पहुंचने की संभावना है। स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से क्षेत्र के लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। पंजीयन अनिवार्य रखा गया है। अस्पताल परिसर में मरीजों की सुविधा के लिए जांच और परामर्श की व्यवस्थाएं की जा रही हैं। वर्षगांठ कार्यक्रम के तहत शाम 7 बजे से सांस्कृतिक संध्या भी होगी। इसमें फिल्मी गीतों की प्रस्तुतियां दी जाएंगी। इंडियन आइडल-2 फाइनलिस्ट यशश्री भावे, गायिका शालिनी चौहान सहित अन्य कलाकार प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में सिवनी विधायक दिनेश राय मुनमुन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। केवलारी विधायक रजनीश सिंह ठाकुर, पूर्व विधायक अर्जुन सिंह काकोड़िया, समाजसेवी अतुल मालू और आलोक मालू विशेष अतिथि रहेंगे।

#### सेंसई संस्कार पटले हुए सम्मानित



**बरघाट।** गत दिवस में मध्य प्रदेश स्पोर्ट्स कराटे एसोसिएशन (एमपीएसकेए) द्वारा इंदौर में आयोजित एमपी स्टेट कराटे चैंपियनशिप में बरघाट के कराटे खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक शौर्य (सेंसेई संस्कार पटले), पिता ङ्क नंद किशोर पटले ने प्रतियोगिता में आधिकारिक अधिकारी (ऑफिशियल) के रूप में भाग लेकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्हें टीएस शोतोकान कराटे डो एसोसिएशन एवं जिला कराटे संघ सिवनी में शिहान ओमकार कश्यप एवं सेंसेई राधिका कश्यप के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त हो रहा है, जिनके मार्गदर्शन से उन्हें एमपीएसकेए प्रतियोगिता में जाने का अवसर प्राप्त हुआ। इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से आए खिलाड़ियों के बीच शौर्य ने अपने अनुभव एवं तकनीकी ज्ञान का प्रभावी प्रदर्शन किया। आधिकारिक अधिकारी के रूप में कार्य करते हुए उन्होंने प्रतियोगिता के सफल संचालन, नियमों के पालन एवं अनुशासन बनाए रखने में सराहनीय योगदान दिया। सेंसेई संस्कार पटले को इस अवसर पर सम्मानित भी किया गया। शौर्य ने बताया कि इस प्रतियोगिता से उन्हें काफी कुछ नया सीखने का अवसर मिला तथा वरिष्ठों का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ, जिससे उनके अनुभव में और वृद्धि हुई है। उन्होंने इस अवसर के लिए सभी वरिष्ठों एवं आयोजकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# किसानों की समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस ने किया चक्काजाम



**सिवनी नवभारत।** जिले के अन्नदाता किसानों की अनेक ज्वलंत समस्याएँ जिसमें प्रमुख रूप से गेहूँ उपार्जन में देरी, समय पर स्लॉट बुकिंग पोर्टल की गड़बड़ी, सर्वर समस्या, बारदाना की कमी एवं खरीदी केन्द्रो में की जा रही अवैध वसूली एवं अनेक अनियमितताओं सहित वर्तमान में अनेक तरह समस्याओं से किसान परेशान और बेबस है, किसानों की समस्या से प्रदेश की मोहन यादव सरकार को कोई सरोकार नही है चाहे किसान लूटे या परेशान रहें भाजपा सरकार को तो सिर्फ सत्ता में बने रहने अनेक तरह के षड़यंत्रो से सिर्फ और सिर्फ सत्ता हथियाना ही मकसद बन चुका है। जिले के अन्नदाता किसानों की इन सभी नीतिगत समस्याओं के शीघ्र निराकरण किये जाने जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी के आव्हान पर जिले के अन्नदाता किसानों को उनका वाजिब हक दिलाने नेशनल हाईवे 44 के ग्राम भोंगाखेड़ा में एक दिवसीय किसान आंदोलन एवं चक्का जाम कर प्रदेश की दोहरी नीति की पोषक, आमजन को गुमराह करने वाली गहरी चिरनिद्रा में लीन मोहन यादव सरकार को जन आंदोलन के माध्यम से जगाने का प्रयास किया गया। आंदोलन को सम्बोधित करते हुये जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी के कहा कि तत्कालीन पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चैहान जो आज केन्द्र में कृषि मंत्री बने बैठे है उन्होंने विधानसभा चुनाव पूर्व प्रदेश के अन्नदाता किसानों को गुमराह कर अनेक तरह का लोभ लालच देकर सत्ता तो प्राप्त कर ली किन्तु आज भी हमारे सिवनी जिला सहित पूरे प्रदेश का किसान परेशान है प्रदेश की सत्ता भाजपा की मोहन यादव सरकार ने चुनाव घोषणा संकल्प में किये गये वादो को भूल चुकी है उन्हें किसानों की समस्याओं से कोई लेना देना नही है, भाजपा नेताओं को यह विश्वास हौ चुका है कि प्रदेश के किसानों को आसानी से लोभ लालच के सहारे अपने कब्जे में किया जा सकता है उसी का परिणाम है कि आज जिले सहित पूरे प्रदेश का किसान अपनी आय से कई गुना नुकसानी झेल रहा है। किसान आंदोलन को सम्बोधित करते हुये केवलारी विधायक ठा. रजनीशहरवंशसिंह ने कहा कि प्रदेश की मोहन यादव सरकार के फतानाशाही रवैया के चलते जिले में गेंहूँ उपार्जन का कार्य प्रारंभ किया गया लेकिन उपार्जन केन्द्रो पर न तो पर्याप्त बारदाना है और ना ही विक्रय केन्द्रो में किसानों की फसल को सुरक्षित रखने की व्यवस्था, मोहन यादव सरकार के मंत्री, विधायक और भाजपा नेताओं के इशारे पर बिचैलियों को लाभ पंहुचाने की दृष्टि से किसानो के गेहूँ में चमक न होने का बहाना बताकर खरीदी से इंकार किया जा रहा है जिस कारण जिले का किसान आज परेशान होकर दर दर की ठोकरे खा रहा है हम जानते है अन्नदाता का दर्द की वह किस तरह रात-दिन एक करके बडी मेहनत से फसल पैदा करता है और भाजपा सरकार उन मेहनत कश किसानों को हर समय गुमराह और परेशान करती है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव राजा बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेश मरावी के आव्हान पर जिले के किसान भाईयों की ज्वलंत समस्याओं के त्वरित निराकरण की मांग को लेकर कांग्रेस पार्टी हमेशा ही प्रदेश की सत्तारूढ़ मोहन यादव सरकार की किसान विरोधी नीति और झूठे वादे के खिलाफ रहेंगी।

# राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर आम से भरा ट्रक पलटा



**सिवनी नवभारत।** जिले के राष्ट्रीय राजमार्ग 44 पर सोनाडोंगरी के पास गुरुवार सुबह करीब 10 बजे एक बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया, जब आम से भरा एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गया। हादसे के बाद ट्रक में लदा आम सड़क पर बिखर गया, जिससे कुछ समय के लिए यातायात बाधित हो गया और मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। गनीमत रही कि इस दुर्घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक तेज रफ्तार में नागपुर की ओर से जबलपुर की दिशा में जा रहा था। इसी दौरान सोनाडोंगरी के समीप चालक वाहन से नियंत्रण खो बैठा और ट्रक अचानक सड़क किनारे पलट गया। ट्रक पलटते ही उसमें भरे आम सड़क पर फैल गए। घटना के बाद आसपास मौजूद लोग मौके पर पहुंच गए और कुछ देर के लिए सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

स्थानीय लोगों ने तुरंत घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने यातायात को सुचारू बनाए रखने के लिए सड़क के एक हिस्से से वाहनों की आवाजाही शुरू कराई। बाद में क्रेन और अन्य संसाधनों की मदद से पलटे ट्रक को हटाने की कार्रवाई की गई।

बताया जा रहा है कि हादसे के समय सड़क पर लोगों और वाहनों की आवाजाही सामान्य दिनों की तरह काफी अधिक थी। ऐसे में यदि दुर्घटना के समय कोई अन्य वाहन ट्रक की चपेट में आ जाता या आसपास लोग मौजूद रहते तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद कुछ समय तक क्षेत्र में जाम जैसी स्थिति बनी रही, हालांकि पुलिस और स्थानीय लोगों की मदद से हालात जल्द सामान्य कर लिए गए।

पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा ट्रक चालक से हादसे के कारणों को लेकर पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक तौर पर हादसे की वजह तेज रफ्तार और वाहन अनियंत्रित होना बताई जा रही है।

### सैनिक सम्मेलन 11 को

सिवनी। भूतपूर्व सैनिकों, एवं उनके आश्रितों के लिए ''मासिक सैनिक सम्मेलन'' का आयोजन दिनांक 11 मई को प्रातः 11:30 बजे जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, ज्यारत नाका अकबर वार्ड, सिवनी में आयोजित होगा। जिले के समस्त भूतपूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं आश्रितों को सूचित किया जाता है कि वे इस सम्मेलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं एवं शिकायतों से संबंधित विषयों पर चर्चा कर सकते हैं।

**आयोजन** | ड्रीम 11 पुलिस ने 3 .5 बाल पर 2 विकेट पर 79 रन बनाए, अरुण ने 1 .5 ओवर में 31 रन देकर 2 विकेट लिए

# नगर पालिका ने जीते दोनों मैच : रात्रिकालीन विभागीय क्रिकेट टूर्नामेंट



**सिवनी नवभारत।** शहर के पालिटेक्निक मैदान इकलौता ऐसा मैदान है जो समतल व गोलाकार है । फिर ऐसे मैदान में दुधिया रोशनी में क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित होते हैं , तो मैदान की रौनक में चार चांद लग जाते हैं । इस मैदान में खेलने की तमन्ना हर टीम की रहती है। यहाँ पर टेनिस बाल विभागीय टूर्नामेंट के मैच चालू है।सभी मैचों को रात्रि में ही सभी मैच 8- 8 ओवर के खिलाए जा रहे हैं।

आज 5 मई को 3 मैच रखें गये। पहला मैच 6 बजे से नगरपालिका का मुकाबला स्वास्थ्य विभाग से रहा । नगरपालिका ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया । नगरपालिका की ओर से अनिकेत ने 26 बाल पर 5 चौके, 4 छक्के लगाते हुए 57 रन बनाए, देवेश ने 9 बाल में 1 छक्का लगाते हुए 10 रन बनाए, विशाल ने 6 बाल पर 2 छक्का लगाते हुए 15 रन बनाए। इस तरह नगरपालिका ने निर्धारित 8 ओवर में 3 विकेट पर 115 रन बनाए।स्वास्थ्य विभाग की ओर से गेंदबाजी करते हुए देवेन्द्र ने 2 ओवर में 21 रन देकर 1 विकेट लिए पीटर ने 2 ओवर में 28 रन देकर 2 विकेट लिए बाकी कोई भी गेंदबाज सफल नहीं हो पाये । स्वास्थ्य टीम की ओर से बल्लेबाजी करते हुए, आशु ने 12 बाल पर 2 चौके,1 छक्का लगाते हुए 17 रन बनाए, देवेन्द्र ने 10 बाल में 1 चौके 1 छक्का लगाते हुए 12 रन बनाए, आशुतोष ने 11 बाल पर 1 चौके 1 छक्का लगाते हुए 15 रन बनाए शेष कोई भी बल्लेबाज जम नहीं पाये ,इस तरह निर्धारित 8 ओवर में 6 विकेट पर 65 रन बना पाये नगरपालिका ने यह मैच 50 रनों से जीता।

दूसरा मैच जेल विभाग का मुकाबला ड्रीम 11 पुलिस से रहा । जेल विभाग ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 4 विकेट पर 76 रन बनाए, जेल विभाग की ओर से अरुण ने 21 बाल में 5 चौके, 1 छक्का लगाते हुए 37 रन बनाए, दीपक ने 15 बाल में 2 चौके लगाते हुए 12 रन बनाए, विकास ने 11 बाल में 1 चौके, 1 छक्का लगाते हुए 15 रन बनाए,शेष कोई भी बल्लेबाज जम नहीं पाये, ड्रीम 11 पुलिस की ओर से गेंदबाजी करते हुए ईश्वर ने 2 ओवर में 14 रन देकर 2 विकेट लिए, पुरुषोत्तम ने 1 ओवर में 4 रन देकर 1 विकेट लिए । ड्रीम 11 पुलिस ने 3.5 बाल पर 2 विकेट पर 79 रन बनाए, ड्रीम 11 पुलिस की ओर से बल्लेबाजी करते हुए ईश्वर ने 18 बाल में 8 चौके,4 छक्के लगाते हुए 59 रन बनाए, जेल विभाग की ओर से गेंदबाजी करते हुए अरुण ने 1.5 ओवर में 31 रन देकर 2 विकेट लिए शेष कोई भी गेंदबाज को सफलता नहीं मिली,इस तरह से ड्रीम 11 पुलिस ने इस मैच को 8 विकेट से जीता

तीसरा मैच बैंक इलेवन का मुकाबला फारेस्ट वारियर से रहा । बैंक इलेवन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 8 ओवर में 3 विकेट पर 108 रन बनाए, बैंक इलेवन की ओर से सुनील ने 15 बाल पर 4 चौके,3 छक्के लगाते हुए 34 रन बनाए, रामेश्वर ने 15 बाल पर 1 चौके, 3 छक्के लगाते हुए 29 रन बनाए, रुपेन्द्र ने 7 बाल पर 2 छक्के लगाते हुए 14 रन बनाए, प्रशांत ने 10 बाल में 1 चौके, 3 छक्के लगाते हुए 28 रन बनाए। फारेस्ट वारियर की ओर से गेंदबाजी करते हुए, नितेश ने 2 ओवर में 21 पर 2 विकेट लिए, भूपेन्द्र ने 1 ओवर में 12 पर 1 विकेट लिए । फारेस्ट वारियर ने बल्लेबाजी करते हुए, कोमल ने 26 बाल पर 5 चौके, 4 छक्के लगाते हुए 47 रन बनाए, अभिषेक ने नाट आउट रहते हुए 17 बाल पर 2 चौके 7 छक्के लगाते हुए 54 रन बनाए। फारेस्ट वारियर ने 7.1 ओवर में 1 विकेट पर 110 रन बनाए, बैंक इलेवन की ओर से गेंदबाजी करते हुए, राहुल गुप्ता ने 2 ओवर में 24 पर 1 विकेट लिए शेष कोई भी गेंदबाज सफल नहीं हो पाये। इस तरह से यह मैच 9 विकेट से जीता।


## कार्यालय नगर परिषद केवलारी, जिला-सिवनी (म.प्र.)

**पुलिस थाना के पास केवलारी जिला-सिवनी (म.प्र.)** Email : cmokewlari@mpurban.gov.

### निविदा सूचना

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत वेबसाइट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 2026_UAD_505638_1 Dtd. 07/05/2026 NIT No.181/PWD/2026 | वार्ड क्र. 10, 11, 12, 13, 14 में पुरानी सीमेंट पाईप लाईन बदलकर नवीन एचडीपीई पाईप लाईन कार्य हेतु। | 02 माह 10,69,164/- | 2,000/- 8,100/- | 09/06/2026 |
| 2026_UAD_505640_1 Dtd. 07/05/2026 NIT No.180/PWD/2026 | निकाय के समस्त 15 वार्डों में चेम्बर निर्माण कार्य। | 02 माह 4,41,601/- | 5,000/- 4,500/- | 25/05/2026 |
| 2026_UAD_505642_1 Dtd. 07/05/2026 NIT No.180/PWD/2026 | वार्ड क्र. 10 में मछली मार्केट में समार्ट फिश पार्लर निर्माण कार्य। | 02 माह 4,14,324/- | 2,000/- 4,200/- | 25/05/2026 |

शर्ते- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद, केवलारी**